नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''

# महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय
# जंगल धूसड़, गोरखपुर

स्थापित २००५ ई.

7897475917, 9794299451

Website: www.mpm.edu.in

E-mail : mpmpg5@gmail.com

पत्रांक : ..................

दिनांक : 09.02.2019

## प्रकाशनार्थ

### बारहवां समावर्तन संस्कार समारोह भारतीय संस्कृति एवं भारतीय भेष–भूषा में होगा सम्पन्न

महाराणा प्रताप पी. जी. कॉलेज जंगल धूसड़ में उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज की अध्यक्षता में समावर्तन संस्कार समारोह कल अपराह्न 02 बजे से सम्पन्न होगा। समावर्तन संस्कार समारोह के मुख्य अतिथि भारत सरकार मे केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जे. पी. नड्डा जी का मार्ग दर्शन प्राप्त होगा। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के अध्यक्ष एवं पूर्व कुलपति प्रो. उदय प्रताप सिंह स्नातक एवं स्नातकोत्तर के अन्तिम वर्ष के विद्यार्थियो को केसरिया कुर्ता–द्योती, केसरिया साड़ी तथा केसरिया साफा में समावर्तन उपदेश एवं संकल्प ग्रहण करायेंगे। कार्यक्रम में अभिभावक संघ के अध्यक्ष श्री विपिन कुमार यादव तथा पुरातन छात्र परिषद के सदस्य के.डी. डी. के मार्केटिंग हेड श्री दीपेन्द्र प्रताप सिंह मंच पर उपस्थित रहेंगें। **2005 में पी. कॉलेज की स्थापना हुई योगी आदित्यनाथ जी महाराज जी ने अपनी परिकल्पनाओं के आधार पर एक मॉडल कॉलेज का संचालन शुरू किया। 2008 में इस कॉलेज का पहला समावर्तन हुआ जिसमे योगी आदित्यनाथ महाराज ने गाउन का विकल्प प्रस्तुत किया इस महाविद्यालय के छात्रो ने केसरिया कुर्ता और सफेद धोती तथा छात्राओ ने केसरिया साड़ी में उपदेश ग्रहण किया। देश में यह गाउन को दिया गया पहला विकल्प था इसके बाद से आई. आई. टी. बी. एच. यू. ने गाउन फेका और उत्तर प्रदेश के वर्तमान माननीय राज्यपाल श्री रामनाईक के निदेश पर उत्तर प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयो में अंग्रेजी दासता के प्रतीक गाउन को हटा दिया गया। अपने द्वारा दिये गये गाउन के इस विकल्प को मुख्यमंत्री होने के बाद कल पहली बार समावर्तन संस्कार समारोह के साक्षी बनेंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज।**

इस अवसर पर महाविद्यालय में चले रहें चार प्रकल्पों में महाविद्यालय के आस–पास की महिलाओं के स्वरोजगार हेतु संचालित योगिराज बाबा गम्भीरनाथ निःशुक्ल सिलाई–कढ़ाई एवं पेटिंग केन्द्र से प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षु को प्रमाण पत्र एवं **निःशुल्क सिलाई–कढ़ाई केन्द्र से सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षु जंगल धूसड़ तिनकोनिया नं. दो की श्रीमती शीला देवी** को सिलाई मशीन माननीय मुख्यमंत्री एवं मुख्य अतिथि द्वारा प्रदान किया जायेगा। महाविद्यालय के आस–पास के बच्चों को तकनीकी रूप से प्रशिक्षित करने हेतु **महंत अवेद्यनाथ निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र** के प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र माननीय मुख्यमंत्री के कर कमलों द्वारा प्रदान किया जायेगा। इसी प्रकार **हमारे पुरुष एवं जीवन मूल्य पाठ्यक्रम** पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों को भी प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा। कार्यक्रम में चार प्रमुख पुरस्कार जिसमें विविध गतिविधियों के आधार पर महाविद्यालय के श्रेष्ठतम शिक्षक को **सरस्वती सम्मान** श्री श्रीकान्तमणि त्रिपाठी, श्रेष्ठतम कर्मचारी का **महराणा प्रताप सम्मान** श्री विजय कुमार मिश्र, श्रेष्ठतम परिचर का **महन्त अवेद्यनाथ सम्मान** श्री विश्वनाथ एवं **योगिराज बाबा गम्भीरनाथ सम्मान** सिलाई–कढ़ाई केन्द्र की प्रशिक्षिका श्रीमती कमलावती को माननीय मुख्यमंत्री द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा।

(डॉ. राजेश शुक्ला)

सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी